श्रीराम अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा का रनवे मानकों पर खरा

फ्रिक्शन टेस्ट कार ने परखी गुणवत्ता, अग्निशमन विभाग ने तैनात किए तीन नेफको वाहन

जासं, अयोध्या : भगवान श्रीराम का मंदिर एक ओर अंतिम स्पर्श पा रहा है तो दूसरी ओर श्रीराम अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा भी उड़ान के लिए तैयार हो रहा है। हवाई अड्डे के रनवे का शुक्रवार को फ्रिक्शन टेस्ट हुआ, जो मानकों पर खरा उतरा। इसके साथ ही अग्निशमन विभाग के तीन नेफको वाहनों का भी ट्रायल हुआ।

स्पेशल डिजाइन फ्रिक्शन टेस्ट कार ने रनवे की गुणवत्ता को परखा। स्वीडन की कार ने पता लगाया कि विमान के उतरते समय कंपन और फिसलन कितना होने की संभावना है। दोनों चीजें सामान्य से अधिक नहीं होनी चाहिए। अगर रनवे पर बारिश का पानी पड़ता है तो फिसलन नहीं होना चाहिए। रनवे पर स्वीडिश कार के तेज गति से दौड़ते समय आटोमेटिक यंत्र से लगातार फव्वारा के माध्यम से पानी फेंका गया। तेज गति से दौड़ रही कार का ब्रेक लगाकर फिसलन परखी गई।

विमान में किसी प्रकार की दुर्घटना को रोकने के लिए अग्निशमन विभाग ने तीन नेफको वाहनों को तैनात किया है। वाहन आधुनिक सुविधाओं से लैस है। वाहन में सीसी कैमरे भी हैं। ये किसी भी आपदा में तुरंत काबू पाने में सक्षम हैं। अग्निशमन विभाग के अधिकारी और कर्मचारियों ने इसका ट्रायल किया। आगामी 15 दिसंबर तक हवाई अड्डे कर निर्माण पूर्ण करने का लक्ष्य है। एयरपोर्ट में दो टैक्सी-वे और एक एप्रेन का निर्माण भी हो चुका है। इस एप्रेन में चार हवाई जहाज खड़े हो सकेंगे। 2200 मीटर लंबे व 45 मीटर चौड़े रनवे का निर्माण हो गया है, जिस पर एयरबस-ए 320 उड़ान भर सकती है।

इकबाल को निमंत्रण की प्रतीक्षा, राम मंदिर के भूमि पूजन में हुए थे शामिल

जासं, अयोध्या : बाबरी मस्जिद के पक्षकार रहे मोहम्मद इकबाल राम मंदिर के प्रति शुभकामना अर्पित करने वालों में अग्रणी रहे हैं। पांच अगस्त 2020 को राम मंदिर के भूमि पूजन कार्यक्रम के साक्षी रहे इकबाल को अब 22 जनवरी को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के ऐतिहासिक अवसर के निमंत्रण की प्रतीक्षा है। इकबाल को विश्वास की गंगा-जमुनी विरासत का संस्कार अपने पिता हाशिम अंसारी से मिला।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पांच अगस्त 2020 को जब राम मंदिर का भूमि पूजन किया, तब रामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने मोहम्मद इकबाल को भी आमंत्रित किया था। इकबाल भूमि पूजन में शामिल होने वाले देशभर के चुनिंदा 500 से भी कम लोगों में से एक थे।

अयोध्या में पीएम के कार्यक्रम का होमवर्क शुरू खाद्य सुरक्षा अधिकारियों के अवकाश पर रोक

जासं, अयोध्या : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 22 जनवरी को राम मंदिर में होने वाले प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में आएंगे। खाद्य सुरक्षा व औषधि प्रशासन विभाग उनकी यात्रा के 40 दिन पहले ही अलर्ट मोड में है। खाद्य सुरक्षा अधिकारियों के अवकाश पर अगले आदेश तक रोक उसी का हिस्सा बताई जा रही है। प्रधानमंत्री कार्यक्रम के बारे में अभी ऊपर से कोई विभागीय जानकारी नहीं मिली है, फिर भी तैयारी आंतरिक रूप से शुरू है। सहायक आयुक्त (खाद्य) दो मानिकचंद्र सिंह अभी इसे बहुत जल्दी बता रहे हैं। विभागीय तैयारी के सवाल को टालते हैं। निदेशालय से सौ खाद्य सुरक्षा अधिकारी मांगने के लिए निदेशालय से पत्राचार शुरू करने की चर्चा अधीनस्थों में है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी अवकाश रोक को पीएम के कार्यक्रम की तैयारी का हिस्सा बताते हैं।